snS academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

www.snsgroups.com

TERMINAL EXAM I (SEP 2019)

HINDI

GRADE : VII(2L) DATE : 20-09-19

TIME : 3Hrs. MARKS : 80

I.शब्दार्थ लिखिए :- (5)

सुनवाई, निकम्मे, प्रचुर, तरक्की, भाग्य

II.सही वाक्यों के सामने सही और गलत वाक्यों के सामने गलत का निशान लगाएँ :- (5)

(i) पुष्प देवों के शीश की शोभा नहीं बनना चाहते हैं ।

(ii) लोग फल खरीद कर फटाफट खाने लगते हैं।

(iii) सेब का छिलका उतारने पर पोषक तत्व बढ़ जाते हैं।

(iv)सिपाही नारायण दास को जबरदस्ती पकड़कर फांसी के तख्त तक ले गए।

(v) ठेकेदार के ऊपर दीवार गिर गई थी।

III.नीचे दिए काव्यांश का अर्थ अपने शब्दों में लिखिए :- (6)

(i)मुझे तोड़ लेना वनमाली !
उस पथ पर देना तुम फेंक,

(ii)मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जावें वीर अनेक।

(iii) कर सकते हैं दूसरे पांच जने जो कार,
उसको करने में भला तुम हो क्यों लाचार।

IV.निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए:- (5)

(i)हांक (ii)जिक्र (iii)मुल्क (iv)सबब (v)मुनासिब

V.कविता की पंक्तियों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (5)

चाह नहीं प्रेमी माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊं,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर,
हे हरि, डाला जाऊं

चाह नहीं, देवों के सिर पर,

चढ़ूं भाग्य पर इठलाऊं !

(क) पुष्प प्रेमी माला में बिंधना क्यों नहीं चाहता है ?

(ख) सम्राटों के शव पर चढ़ाए जाने पर पुष्प सहमत क्यों नहीं है ?

(ग) पुष्प को किस परिस्थिति में अपने भाग्य पर गर्व महसूस होता है ?

(घ) देवों के शीश की शोभा बनने में क्या पुष्प आनंदित होता है, यदि नहीं, तो क्यों ?

(ङ) 'भाग्य' शब्द का एक समानार्थी शब्द बताइए।

VI.निम्नलिखित अंको को हिंदी अंकों में परिवर्तित करके लिखें :- (5)

(i)56 (ii) 78 (iii) 90 (iv) 55 (v)35

VII.रिक्त स्थान भरे :- (5)

(i)मुझे......... देने की वजह क्या है ?

(ii)आज वर्षो के बाद ऐसी शुभ........... आई है ।

(iii) वहां एक उपवन में...........बनाकर उन्होंने अपना डेरा डाल लिया ।

(iv)नारायण दास ने दुकानदार से एक सेर.........का दाम पूछा।

(v) वह अगले जन्म में आपके राज्य से........... गुना बड़े राज्य का स्वामी बनेगा ।

VIII.दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :- (10)

(क) सुस्त, निकम्मे और आलसी लोग क्या कहते हैं ?

(ख) 'सौ- सौ बार कीजै' से क्या तात्पर्य है ?

(ग) श्रीवास्तव जी के लड़के की खांसी का कारण क्या था ?

(घ)दांतों व मसूड़ों के लिए फायदेमंद फल कौन से हैं ?

(ङ)विभिन्न प्रकार के विटामिनों का सबसे अच्छा और सस्ता स्त्रोत कौन सा फल होता है ?

IX.निम्नलिखित वाक्यों को किसने और किससे कहा :- (5)

(क)"इसको कई बार समझाया, लेकिन इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है ।"

(ख)"इनका स्पष्टीकरण आवश्यक है, महाराज ।"

(ग)"कभी भी हमारे प्राणों पर संकट आ सकता है ।"

(घ)"मैं मोटा ताजा हूं, तंदुरुस्त हूं। आप पहले मुझे फांसी पर चढ़ा दीजिए ।"

(ङ)"अब आ गए हैं, तो कुछ खरीद लेते हैं।"

X.सही विकल्प चुने और लिखिए :- (5)

(क)सर्दी के दिन शाम के समय अमरूद.......

(i)खाने से खांसी हो जाती है । (ii)खाने से लंबाई बढ़ती है ।

(ख)फलों को खाने से पहले पानी से .....

(i)मुंह धोना चाहिए । (ii)उन्हें रगड़ कर धोना चाहिए ।

(ग)अंगूर देखने में जितना छोटा होता है .....

(i)उतना ही अधिक लाभकारी भी । (ii)उतना ही अधिक शैतान भी ।

(घ)गर्म तासीर वाले फलों को खाने से पहले.....

(i) ठंडा पानी पीना चाहिए । (ii)पानी में कुछ देर भिगोना चाहिए।

(ड) अमरूद नाशपाती सेब आदि फलों को ......

(i)छिलके रहित खाना चाहिए । (ii)छिलके सहित खाना चाहिए।

XI.मिलान कीजिए :- (5)

(i)राजा	चापलूस
(ii)सिपाही.	महामूर्ख
(iii)गोवर्धनदास	अनुभवी
(iv)गुरुजी.	चोर
(v)कल्लू	मोटा ताजा

XII.लिपि बताए :- तमिल, कश्मीरी, पंजाबी, उर्दू, हिंदी (5)

XIII.संज्ञा क्या है ? और उसके भेद उदाहरण सहित लिखिए। (5)

XIV.पिता और पुत्र के बीच संवाद लिखिए। (5)

XV.कहानी-लेखन लिखिए :- (4)

संकेत --- एक किसान के लड़के लड़ते- किसान मरने के निकट- सबको बुलाया- लकड़ियों को तोड़ने को दिया- किसी से न टूटा- एक-एक कर लकड़ियों तोड़ी- शिक्षा।